# 9 मुस्लिम पीर, मस्जिदें, दरगाह, मीनार, मकबरे

1. अलाउद्दीन खान का मकबरा कहाँ स्थित है?
(1) अजमेर (2) जोधपुर
(3) केकड़ी (4) सलूम्बर (1)

व्याख्या– 3 गुम्बजों से यह मकबरा सोलह स्तम्भों पर आधारित है जिसके कारण इसका नाम 'सोलह खम्भा' पड़ा। इसका निर्माण शेख अलाउद्दीन ने हिजरी 1070 में करवाया था।

2. निम्न में से कौनसा युग्म सुमेलित नहीं है–
(1) शेख मोहम्मद दुरवेश की दरगाह – मोती डूँगरी (जयपुर)
(2) नजमुद्दीन परवाना की दरगाह – फतेहपुर (सीकर)
(3) हजरत अमानीशाह की दरगाह – जोधपुर
(4) हजरत मीरा साहब की दरगाह – बूँदी (3)

व्याख्या– हजरत अमानीशाह की दरगाह जयपुर में स्थित है।

3. ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती का उर्स ................ माह की 1 से 6 तारीख तक मनाया जाता है। रिक्त स्थान भरिए –
(1) मुहर्रम (2) रमज़ान (3) रज्जब (4) सब्बाल (3)

4. 'तारकीन का उर्स' निम्न में से किस पीर की दरगाह पर आयोजित किया जाता है ?
(1) शेख हमीदुद्दीन नागौरी (2) पीर दुल्लेशाह
(3) पीर फखरूद्दीन (4) पीर मलिक शाह (1)

5. ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती को 'सुल्तान-उल-हिन्द' की उपाधि किसने दी थी?
(1) अकबर (2) मोहम्मद गौरी
(3) मोहम्मद गजनवी (4) बलबन (2)

6. कुतुबद्दीन ऐबक द्वारा अजमेर में बनाया गया 'ढाई दिन का झोपड़ा' जहाँ पर पहले संस्कृत पाठशाला थी, किसके द्वारा बनाई गई थी ?
(1) विग्रह राज द्वितीय (2) पृथ्वीराज तृत्तीय
(3) विग्रहराज चतुर्थ (4) वासुदेव (3)

7. नरहड़ की दरगाह किस जिले में है?
(1) झुंझुनूं (2) अजमेर
(3) सीकर (4) चुरू (1)

व्याख्या– हाजिब शक्कर बार की दरगाह– नरहड़ (चिड़ावा, झुंझुनूं) में स्थित है। इनकी दरगाह नरहड़ शरीफ के नाम से जानी जाती है। जन्माष्टमी के दिन इनका उर्स होता है। यह दरगाह साम्प्रदायिक सद्भाव का अनुठा स्थल है।

8. राजस्थान के किस शहर में प्रत्येक वर्ष विश्व प्रसिद्ध उर्स का आयोजन किया जाता है?
(1) नागौर (2) जयपुर
(3) अजमेर (4) चित्तौड़गढ़ (3)

व्याख्या– ख्वाजा साहब का उर्स– रज्जब माह की पहली तारीख से 6 तारीख तक अजमेर में लगता है। यह दरगाह साम्प्रदायिक सदभाव का स्थल है। यहाँ लगने वाला विश्व प्रसिद्ध उर्स पुरे भारत में मुस्लिम समुदाय का सबसे बड़ा मेला है।

9. अजमेर में किस प्रसिद्ध सूफी संत की दरगाह है?
(1) मोइनुद्दीन चिश्ती (2) फखरूद्दीन चिश्ती
(3) हिसामुद्दीन चिश्ती (4) हम्मीदुद्दीन चिश्ती (1)

10. नीचे दिए गए युग्मों में से असुमेलित युग्म छांटिए–
(दरगाह) (स्थान)
(1) शेख हमीदुद्दीन मिठ्ठे महाबली – गागरोन (झालावाड़)
(2) मौलाना जियाऊद्दीन की दरगाह – जयपुर
(3) शेख नजमुद्दीन परवाना की दरगाह – झुंझुनूं
(4) शेख बाबा इस्हाक की दरगाह – बड़ी खाटु (नागौर) (3)

व्याख्या– शेख नजमुद्दीन परवाना की दरगाह फतेहपुर (सीकर) में है।

11. 'संन्यासियों के सुल्तान' के उपनाम से किसे जाना जाता है?
(1) हमीदुद्दीन नागौरी (2) ख्वाजा फखरूद्दीन
(3) ख्वाजा हिसामुद्दीन (4) ख्वाजा मोइनुद्दीन (1)

12. चिश्ती सम्प्रदाय में तीर्थयात्रियों को कहा जाता है ?
(1) जायरीन (2) वली
(3) मुरीद (4) मुर्शीद (1)

13. अढ़ाई दिन का झोपड़ा स्थित है–
(1) नागौर (2) अजमेर (3) मेड़ता (4) पाली (2)

व्याख्या– इसका निर्माण बीसलदेव चौहान (विग्रहराज चतुर्थ) द्वारा 1153 ई. के लगभग संस्कृत पाठशाला के रूप में करवाया था। 1199 ई. के लगभग कुतुबद्दीन ऐबक ने इसे तुड़वाकर मस्जिद में तब्दील करवा दिया।

14. काजी हमीदुद्दीन सुहरावर्दी को किस स्थान पर सर्वप्रथम काजी बनाया गया था?
(1) अजमेर (2) बूँदी
(3) जयपुर (4) नागौर (4)

व्याख्या– ये सुहरावर्दी सिलसिले से जुड़े थे, इन्होंने अपने पिता के देहान्त के बाद नागौर में काजी का पद सम्भाला था।

15. निम्न में से असत्य कथन है–
(1) ख्वाजा साहब की दरगाह अजमेर में स्थित है।
(2) इस दरगाह का प्रारंभिक निर्माण इल्तुतमिश ने करवाया।
(3) दरगाह का पूर्ण निर्माण हुमायू द्वारा करवाया गया
(4) अकबर द्वारा इसी दरगाह में बुलंद दरवाजा बनवाया गया। (4)

व्याख्या– ख्वाजा साहब की दरगाह में बुलंद दरवाजा का निर्माण गयासुद्दीन खिलजी ने करवाया था।
ध्यान रहे– राजस्थान का इतिहास एवं संस्कृति, कक्षा–10 के अनुसार बुलंद दरवाजे का निर्माण सुल्तान महमूद खिलजी द्वारा करवाया गया था।

16. निम्न में से असत्य है–
(1) खुदाबक्श बाबा की दरगाह– सादड़ी (पाली)
(2) जेठा भुट्टा पीर की दरगाह– बीकानेर
(3) मलिक शाह पीर की दरगाह– जालौर
(4) लैला मजनू की मजार– हनुमानगढ़ (4)

व्याख्या– लैला मजनू की मजार बिंजौर (अनूपगढ़) में स्थित है।

17. अजमेर की दरगाह में बड़ी देग व छोटी देग क्रमशः किसने भेंट की थी?
(1) अकबर व जहाँगीर (2) जहाँगीर व शाहजहाँ
(3) शाहजहाँ व औरंगजेब (4) जहाँगीर व दारा शिकोह (1)

18. भरतपुर की जामा मस्जिद का निर्माण वहाँ के किस शासक ने करवाया था?
(1) रणजीत सिंह (2) बृजेन्द्र सिंह
(3) बलवंत सिंह (4) कृष्ण सिंह (3)

19. राजस्थान की सबसे बड़ी मस्जिद है?
(1) अकबर की मस्जिद (2) जामा मस्जिद (शाहबाद)
(3) मेड़ता मस्जिद (4) इकमीनार मस्जिद (2)

व्याख्या– जामा मस्जिद– शाहबाद (बारां), यह राजस्थान की सबसे बड़ी मस्जिद है। इसका निर्माण औरंगजेब के फौजदार शेर अफगान ने करवाया था।

20. अजमेर दरगाह मुख्य द्वार किस नाम से जाना जाता है?
(1) बगली दरवाजा (2) बसंती दरवाजा
(3) निजाम गेट (4) सलीम दरवाजा (3)

व्याख्या–इस दरगाह के मुख्य द्वार 'निजाम गेट' का निर्माण हैदराबाद के निजाम मीर उस्मान अली खान द्वारा करवाया गया था।

21. अलाउद्दीन की मस्जिद स्थित है?
(1) धौलपुर (2) अलवर
(3) नागौर (4) जालौर (4)

व्याख्या– अजमेर में ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह में स्थित बड़ी देग 1567 ई. में अकबर ने भेंट की थी व छोटी देग 1613 ई. में जहाँगीर ने भेंट की थी।

22. काकाजी की दरगाह स्थित है?
(1) जालौर (2) प्रतापगढ़
(3) ब्यावर (4) दौसा (2)

व्याख्या– काकाजी की दरगाह को 'कांठल का ताजमहल' कहा जाता है।

23. निम्न को सुमेलित कीजिये –

| दरगाह | स्थान |
|---|---|
| (क) अहमद अली शाह की दरगाह | 1. झुंझुनूं |
| (ख) कमरूद्दीन शाह की दरगाह | 2. जयपुर |
| (ग) अब्बनशाह की दरगाह | 3. कोटा |
| (घ) अधरसिला दरगाह | 4. प्रतापपुरा (सांचौर) |

| | क | ख | ग | घ |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (2) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (3) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (4) | 3 | 2 | 4 | 1 |

(2)


24. राजस्थान में दाऊदी बोहरा सम्प्रदाय की प्रमुख पीठ कहाँ पर है?
(1) गलियाकोट (डूँगरपुर) (2) सलेमाबाद (अजमेर)
(3) महामन्दिर (जोधपुर) (4) गलताजी (जयपुर) (1)


व्याख्या– गलियाकोट (डूँगरपुर)– यह दाऊदी बोहरा सम्प्रदाय की आस्था का प्रमुख केन्द्र है। यहाँ संत सैय्यद फखरूद्दीन की मजार है, इसे 'मजार-ए-फखरी' भी कहते है।

25. लैला मजनू की मजार स्थित है?
(1) बिंजौर (अनूपगढ़) (2) संगरिया (हनुमानगढ़)
(3) भारेवाला (जैसलमेर) (4) खाजूवाला (अनूपगढ़) (1)

## राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें –




टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

– Dhindhwal Publication

– धींधवाल पब्लिकेशन

– Dhindhwal Classes

– @Publication-DP

– Dhindhwal Publication

धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध है। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।